वीयू – डिंडोरी में आदिवासी पशु पालकों हेतु वृहत शिविर का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल मार्गदर्शन में आदिवासी पशुपालकों की समस्याओं के समाधान तथा किसानो की आय दुगनी करने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा वित्त पोषित जनजातीय योजना के अंतर्गत डिंडोरी जिले के शहपुरा तहसील में एक दिवसीय किसान संगोष्ठी एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन माननीय पशुपालन मंत्री श्री लखन पटेल जी, राज्यमंत्री पशुपालन एवम डेयरी विभाग के मुख्य आतिथ्य तथा श्रीमान धर्मेंद्र सिंह लोधी जी माननीय

राज्यमंत्री के विशिष्ट आतिथ्य में दिनांक 27 फरवरी 2024 किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक विस्तार सेवाएं डॉ सुनील नायक एवम् अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार शर्मा ने की।,इस कार्यक्रम में क्लाइमेट स्मार्ट डेयरी इन्फॉर्मेशन पोर्टल की विस्तृत जानकारी पशु पालकों को दी गई व पोर्टल का विमोचन वर्चुअल माध्यम से माननीय पशुपालन मंत्री श्री लखन पटेल जी, राज्यमंत्री पशुपालन एवम डेयरी विभाग तथा श्रीमान धर्मेंद्र सिंह लोधी जी माननीय राज्यमंत्री, संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास धर्मस्व विभाग द्वारा किया गया। माननीय पशुपालन मंत्री जी श्री लखन पटेल जी ने पशु धन संवर्धन एवम् गोबर गैस से सी.एन.जी. परियोजना से पशुपालकों को अवगत कराया तथा माननीय धर्मेंद्र सिंह लोधी जी ने गौ संवर्धन एवम् संरक्षण आधारित आजीविका पर प्रकाश डाला, डॉ. शर्मा जी ने शिविर में उपलब्ध विशेष सुविधाएं एवम संगोष्ठी के विषयों के बारे में पशु पालको को जानकारी दी। साथ ही 250 पशुओं का निशुल्क परीक्षण व उपचार विभिन्न बीमारियों के लिए सफलता पूर्वक किया गया जिनमे गभिन पशुओं के उपचार के साथ, फ्रैक्चर, सर्जरी, किलनी का उपचार शामिल था और संगोष्ठी में विषय वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न पशु धन संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया गया। पशुपालकों को खनिज मिश्रण भी वितरित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अपरा साही, डॉ. बबिता दास, डॉ. के. शरमन, डॉ. एस.एम. त्रिपाठी, डॉ ब्रजेश सिंह, डॉ. एस. नाथ, डॉ. रुचि सिंह, डॉ. हरी आर., डॉ. अजय राय, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. अभिषेक बिसेन, डॉ. प्रतीक्षा ठाकुर, डॉ. रश्मि विश्वकर्मा, डॉ. चेतन मीना तथा स्नातक छात्र/छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा। एस.आर.एफ. देवेश उपाध्याय, फील्ड असिस्टेंट आशीष और विजय द्वारा कार्यक्रम के क्रियान्वयन में योगदान दिया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर